परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

# राजस्थान सरकार
## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
## क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

**निविदा मूल्य : रू. 200/-**

**Form No. ________**

**बिड प्रपत्र**

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय**
**चित्रकुट नगर, भुवाणा, उदयपुर**

**कार्य – विज्ञान केन्द्र में सफाई, सुरक्षा, बागवानी, संचालन एवं सहायक कर्मचारी के कार्य हेतु वार्षिक अनुबन्ध।**

**महत्वपूर्ण दिनांक एवं प्रसंग**

| | |
|---|---|
| बिड संख्या | NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Dt. 14-05-2025 |
| बिड प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि, समय व स्थान | **दिनांक 05.06.2025 सांय 6.00 बजे तक**<br>**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकुट नगर भुवाणा, उदयपुर।** |
| बिड खोले जाने की तिथि, समय व स्थान | **दिनांक 06.06.2025 प्रातः 10.00 बजे**<br>**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकुट नगर भुवाणा, उदयपुर।** |
| बिड फार्म डाउनलोड की वेब साईट | http://sppp.raj.nic.in<br>www.dst.rajasthan.gov.in |
| बिड की वैधता अवधि | **90 days from the date of opening of Bid** |

| | |
|---|---|
| **Name of the Company / Firm:** | |
| **Name of Contact Person** | |
| **Address of Company / Firm for Correspondence:** | |
| **Office Telephone No.:** | |
| **Office Fax No.** | |
| **Office E-Mail Address:** | |

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर**

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

## विषय–सूची


| क्र.स. | अध्याय |
|---|---|
| 1. | बिड आमंत्रण |
| 2. | बिड सूचना |
| 3. | कार्य विवरण |
| 4. | पात्रता के मानदंड (Eligibility Criteria) |
| 5. | बिड सिक्योरिटी राशि (Bid Performance Security) |
| 6. | बिड की विधि |
| 7. | अपात्रता |
| 8. | बिड का मूल्याकंन |
| 9. | प्रतिभूति राशि एवं निर्णित हर्जाना (Performance Security and Liquidated Damages) |
| 10. | सामान्य नियम, शर्ते एवं भुगतान |
| 11. | तकनीकी बिड प्रपत्र (Technical Bid Form) |
| 12. | वित्तीय बिड प्रपत्र (Financial Bid Form) |
| **अनुलग्नक (Annexure) :–** | |
| **A** | **Compliance with the Code of Integrity and No conflict of Interest** |
| **B** | **Declaration by the Bidder regarding Qualifications** |
| **C** | **Grievance Redressal during Procurement Process** |
| **D** | **Additional Conditions of Contract** |
| **E** | कार्य अनुभव व संतोषजनक कार्य का विवरण |
| **F** | शपथ पत्र (रू. 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर) |

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर**

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

## अध्याय–1

## बोली आमंत्रण

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान के अधीन संचालित विज्ञान केन्द्र एवं क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकुट नगर भुवाणा, उदयपुर में **सफाई, सुरक्षा, बागवानी, संचालन व सहायक कर्मचारी सम्बन्धी कार्यो** हेतु वार्षिक अनुबन्ध के लिए बोली आमंत्रित की जाती हैं।

1. बोली Procurment राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम–2012 एवं नियम–2013 के नियमों एवं अधिनियमों के तहत की जावेगी।
2. **निविदा विहित निविदा प्रपत्र में अध्याय 6 में दी गई विधि के अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। तकनीकी निविदा व वित्तीय निविदा अलग अलग लिफाफों में सील बन्द कर एक मुख्य लिफाफे में जमा करनी होगी।**
3. बोली–आमंत्रण सूचना का प्रकाशन राज्य सरकार के नियमों के अनुसार समाचार पत्रों में जारी करने के साथ राजस्थान सरकार के राज्य लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.raj.nic.in) एवं विभागीय वेबसाइट (www.dst.rajasthan.gov.in) पर प्रकाशित कर दी है।
4. बोली प्रपत्र www.sppp.raj.nic.in एवं विभागीय वेबसाइट www.dst.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है जो कि इच्छुक फर्मों द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है।
5. बोलीदाता से अपेक्षित है कि वह बोली जमा करवाने से पूर्व सम्पूर्ण बोली प्रपत्र का भली–भांति अध्ययन कर ले तथा **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय चित्रकूट नगर, भुवाणा, उदयपुर में कार्य** का निरीक्षण कर लें। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण हेतु बोली सूचना में अंकित दिनांक तक कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है।
6. बोलीदाता, पूर्ण रूप से भरी हुई बोली मय समस्त वांछित प्रपत्रों/संलग्नकों के, बोली प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय में, बोली सूचना में अंकित कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त बिड पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. बोलीदाता द्वारा बोली के साथ अथवा उससे पूर्व बोली शुल्क एवं बयाना राशि विहित रूप में जमा करानी अनिवार्य है जिसके बिना बोली निरस्त समझी जायेगी। (**बोली शुल्क एवं बयाना राशि के डीडी/बैंकर्स चैक अलग–अलग प्रस्तुत करें** एवं डीडी/बैंकर्स चैक के पृष्ठ भाग पर पैंसिल से अपनी फर्म का नाम एवं बोली (कार्य) का नाम, संख्या अंकित करें)
8. विभाग द्वारा समय पर प्राप्त बोलियों को, बोली सूचना में दर्शाये गए समय एवं दिनांक को उपापन समिति द्वारा उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सर्वप्रथम तकनीकी बोलियां खोली जायेंगी तथा तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् तकनीकी रूप से सफल बोलीदाताओं की वित्तीय बोलीयाँ सम्बन्धित फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी जिसका दिनांक, समय व स्थान बोलीदाताओं को सूचित कर दिया जाएगा।
9. बोलीदाता द्वारा बोली निर्धारित प्रारूप मय अनुलग्नकों के तथा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर व मोहर लगाकर प्रस्तुत करेगा।
10. विभाग को किसी भी बोली को, पूर्ण अथवा भाग को, स्वीकार अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। अस्वीकृत/निरस्त बोलियों के बोलीदाताओं से कोई विमर्श नहीं किया जायेगा।
11. बोली प्रपत्र में बतायी गयी शर्तो के अतिरिक्त बोलीदाता की कोई भी अन्य शर्ते स्वीकार नहीं की जायेगी। सशर्त बोली स्वीकृत नहीं होगी।
12. बोलीदाताओं को बोली सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार बोली प्रपत्र आदि उचित रूप से मुहरबंद लिफाफे में बंद कर प्रस्तुत करेगा।
13. बोली प्रपत्र स्याही से भरे जायेंगे। बोलीदाता बोली के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा तथा अंत में बोली की समस्त शर्तों को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर करेगा।

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर**

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

14. दरें शब्दों एवं अंकों दोनों में लिखी जायेगी इसमें कोई त्रुटि या उपरिलेखन (कटिंग एवं ओवरराईटिंग) नहीं होनी चाहिये। त्रुटि या उपरिलेखन वाली बोली स्वीकार नहीं की जावेगी।

15. बोलीयां उनके खोले जाने की दिनांक से तीन माह की अवधि के लिये विधि मान्य होगी।

16. यदि इन शर्तों के किसी भाग, बोली के स्पेसिफिकेशन के आशय के बारे में कोई संदेह होवें तो विभाग के सक्षम अधिकारी से स्पष्ट कर लेवें।

17. बोली के साथ निर्धारित बयाना राशि प्रस्तुत होनी चाहिए। इसके बिना बोलिओं पर विचार नहीं किया जायेगा। यह राशि बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक **''परियोजना अधिकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उदयपुर''** के नाम से जमा करना होगा। सफल बोलीदाता को आदेश प्राप्त होने के **7 (सात) दिवस** की अवधि के भीतर रू. 500/– के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा और कार्यादेश की राशि के 5 प्रतिशत के बराबर प्रतिभूति राशि जमा करानी होगी।

18. विभाग किसी भी बोली को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की बोली नहीं है, स्वीकार करने, बिना कोई कारण बतलाये किसी भी बोली को रद्द करने या बोली स्वीकार करने का अधिकार अपने पास आरक्षित रखेगा।

19. क्षेत्रीय कार्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग व विज्ञान केन्द्र उदयपुर स्थित निविदत्त कार्य को बोलीदाता भलीभांति देख लेवें एवं कार्य की प्रकृति को ठीक तरह से समझ कर ही बोली भरें।

20. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 83 से 85 के क्रम में प्रथम अपील अधिकारी परियोजना निदेशक–प्रथम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग जयपुर एवं द्वितीय अपील अधिकारी आयुक्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान जयपुर होगें।

21. बोली के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद होने पर कानूनी कार्यवाही हेतु न्याय क्षेत्र उदयपुर स्थित न्यायालय होगा।

22. वित्तीय बिड तकनीकी योग्य फर्मो की ही खोली जायेगी।

**परियोजना अधिकारी**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उदयपुर**




**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर**

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

## अध्याय–2

## बिड सूचना

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकुट नगर भुवाणा, उदयपुर स्थित विज्ञान केन्द्र में **सफाई, सुरक्षा, बागवानी, संचालन एवं सहायक कर्मचारी कार्य** का वार्षिक अनुबन्ध करने हेतु, तकनीकी एवं वित्तीय बिड (द्विस्तरीय बिड सिस्टम) अलग–अलग मोहर बन्द लिफाफों में आमंत्रित की जाती हैं। बिड का विवरण निम्नानुसार हैः–

| | |
|---|---|
| कार्य | **विज्ञान केन्द्र में सफाई, सुरक्षा, बागवानी, संचालन एवं सहायक कर्मचारी कार्य** |
| बिड शुल्क | **200/– (अक्षरे रू. दो सौ मात्र)** |
| वार्षिक अनुमानित राशि | **8,20,000/– (अक्षरे रू. आठ लाख बीस हजार मात्र)** |
| बिड सिक्योरिटी राशि | **16,400/– (अक्षरे रू. सोलह हजार चार सौ मात्र)** (जोकि परियोजना अधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उदयपुर के नाम देय होगा) |
| बिड प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि, समय व स्थान | **दिनांक 05.06.2025 सांय 6.00 बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकुट नगर भुवाणा, उदयपुर।** |
| बिड खोले जाने की तिथि, समय व स्थान | **दिनांक 06.06.2025 प्रातः 10.00 बजे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकुट नगर भुवाणा, उदयपुर।** |
| बिड फार्म डाउनलोड की वेब साईट | http://sppp.raj.nic.in<br>www.dst.rajasthan.gov.in |

**परियोजना अधिकारी**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर**

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

## अध्याय–3

## कार्य विवरण

**विभागीय विज्ञान केन्द्र, उदयपुर में अभीष्ठ कार्य के विवरण निम्नानुसार है :**

**कार्य –**

1. **सुरक्षा कार्य**
2. **बागवानी एवं रखरखाव कार्य**
3. **आई.टी., विज्ञान गैलरी, विज्ञान मॉडल व विभागीय गतिविधियों के संचालन का कार्य**
4. **सहायक कर्मचारी सेवा**
5. **सफाई कार्य**

**कार्य का विवरण**

1. **सुरक्षा कार्य**

| कार्य | कार्य बिन्दुओं की मात्रा | विवरण |
|---|---|---|
| सुरक्षा | 3 | प्रत्येक शिफ्ट में एक सेवा x 3 शिफ्टें = 3 सेवाऐं |

प्रत्येक शिफ्ट 8 घंटे की होगी। सुरक्षा सेवाएं अनवरत रूप से प्रदान की जानी होंगी।
कार्य करने वाले कार्मिकों को सफल बिडदाता फर्म को स्वयं के खर्चे पर आवश्यक उपकरण, वर्दी आदि उपलब्ध करानी होगी तथा फर्म का परिचय पत्र रखना होगा।

**सुरक्षा सम्बन्धी संविदाकर्मियों से करवाए जाने वाले कार्य एवं प्रकृतिः–**

i. विज्ञान केन्द्र परिसर की सम्पूर्ण सुरक्षा करना।
ii. संपूर्ण परिसर में गश्त लगाने का कार्य।
iii. केन्द्र में अवांछित मवेशियों के प्रवेश को रोकना/निगरानी रखना।
iv. आवश्यकतानुसार बिजली आदि के उपकरणों का संचालन।
v. आपदा प्रबन्धन में सहयोग देना।
vi. केन्द्र की गतिविधियों के समय व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग।
vii. विज्ञान केन्द्र परिसर में अवांछित गतिविधियों को रोकना।
viii. दर्शकों को आवश्यकतानुसार गाइड करना।
ix. प्रभारी अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य करना।

उपर्युक्त कार्य प्रतिदिन करने होंगे।

2. **बागवानी एवं रखरखाव कार्य**

**बागवानी व रखरखाव व्यवस्था करवाए जाने वाले कार्य एवं प्रकृतिः–**

1. लॉन, पौधों व गमलों को पानी देना।
2. एकल व ग्रुप में लगे पौधों को पानी देना।
3. गमलों की सम्पूर्ण देखभाल करना।
4. लॉन की कटिंग का कार्य।

5. परिसर के अंदर व बाहर खरपतवार निकालकर गुडाई व सफाई करना ।
6. क्यारी बनाकर आवश्यकता अनुसार मौसमी फूलों के पौधे लगाना ।
7. आवश्यकता अनुसार स्थाई डेकोरेटिव प्लान्टस लगाना।
8. खाद, व अन्य कीटनाशक दवायें डालना।
9. क्षेत्र से कंकर पत्थर निकाल कर दंताली करना।
10. हेज व टोपरी कटिंग कार्य।
11. लॉन, क्यारी, पार्क से पत्ते/कचरा उठाना।
12. बागवानी कार्य इस प्रकार करना होगा जिससे मौसमी फूल खिले नजर आए एवं पौधें, हेज, लान आदि आकर्षक नजर आए।
13. प्रभारी अधिकारी द्वारा बताये गये समस्त बागवानी संबंधी कार्य।

शर्ते :–

- बिडदाता को बागवानी सबंधित टूल्स (फावडा, खुरपी, दांतली, कुल्हाडी, पानी का झारा, हेजकटर, रोजकटर, परात, आदि कोई भी जो आवश्यक हो वह समस्त उपकरण) की व्यवस्था स्वयं को करनी होगी जिसका कोई भी भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जाएगा।
- केन्द्र की बागवानी व रखरखाव हेतू बिडदाता को खाद, बीज, पौधें व अन्य कीटनाशक दवायें विभाग द्वारा यथा समय उपलब्ध कराई जाएगी।
- समस्त कार्य प्रतिदिन (रविवार व राष्ट्रीय अवकाश के अतिरिक्त) केन्द्र के निर्धारित संचालन समय में करना होगा।

**3. आई.टी., विज्ञान गैलरी, विज्ञान मॉडल व विभागीय गतिविधियों के संचालन का कार्य**

**<u>उक्त कार्य हेतु न्यूनतम् शैक्षणिक योग्यताएं :–</u>**

| क्र. सं. | कार्य | न्यूनतम् शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | संख्या (कार्य बिन्दु) |
|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकीकर्मी (आई. टी.) | योग्यता – भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातक/डिप्लोमा<br>अनुभव – विज्ञान मॉडल, आई.टी. गैलरी आदि के संचालन हेतू न्यूनतम एक वर्ष के अनुभव का प्रमाण–पत्र। | 01 |

1. केन्द्र के आई.टी. गैलरी व अन्य विज्ञान गैलरी के मॉडल्स आदि के बारे में दर्शक विद्यालय समूहों को पूर्ण जानकारी के अतिरिक्त विभागीय गतिविधियों के संचालन का कार्य करना होगा।
2. दर्शकों हेतु अन्य व्यवस्थाओं में प्रतिदिन सहयोग करना होगा।
3. कार्य करने वाले व्यक्ति का दर्शकों के प्रति अच्छा व्यवहार होना चाहिए एवं निर्धारित यूनिफॉर्म में स्वच्छता के साथ उपस्थित होना होगा।
4. मॉडल/उपकरणों की देखभाल करना, उपकरणों को चालू करना, बन्द करना आदि।
5. समस्त कार्य प्रतिदिन (रविवार व राष्ट्रीय अवकाश के अतिरिक्त) केन्द्र के निर्धारित संचालन समय में करना होगा।
6. मॉडल्स/ उपकरणों आदि में लगने वाले कन्ज्यूमेबल/ अन्य पार्ट्स विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे जिसको आवश्यकता के लिये लिखित में पूर्व सूचना देनी होगी। सामान्य रखरखाव जो कि विज्ञान केन्द्र में उपलब्ध टूल्स/ सामग्री से किया जा सकता है, फर्म को करनी होगी। यदि कोई कार्य ऐसा है जो कि बाजार से करवाया जाना है तो इसके लिये विभाग को सूचित करना होगा।
7. इनके अतिरिक्त कार्यालय में कम्प्युटर संबंधी समस्त कार्य प्रभारी अधिकारी के निर्देशानुसार किया जाना होगा।

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर**

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

**4. सहायक कर्मचारी सेवा**

| क्र.सं. | कार्य | न्यूनतम् शैक्षणिक योग्यता | संख्या (कार्य बिन्दु) |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक कर्मचारी | 8 वीं पास | 01 |

सफाई संबंधी व कार्यालय सम्बन्धी समस्त कार्य करने होगें। पत्रावली/डाक लाना व ले–जाना (स्वयं के साधन से), पानी पिलाना, परिसर में झाड़ू लगाना, फर्श पर पोछा कार्य नियमित रूप से कार्यालय समयानुसार करने होगें। सफाई सम्बधित सामग्री यथा फिनाइल/नेप्थेलीन/टॉयलेट क्लीनर/पौछा/झाडू/ब्रश/वॉशिंग पाउडर/ग्लास क्लीनर विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

समस्त कार्य प्रतिदिन (रविवार व राष्ट्रीय अवकाश के अतिरिक्त) करना होगा।

**5. साफ–सफाई का कार्य**

विज्ञान केन्द्र परिसर में स्थित समस्त पाथ वे, रास्ते, मॉडल्स आदि पर धूल, भवन के समस्त टोइलेट्स, भवन की छत, सम्पूर्ण परिसर के झाडू लगाना, कचरा, पत्ते, प्लास्टिक आदि हटाना एवं सफाई संबंधी समस्त कार्य नियमित रूप से किये जाने हैं। (रविवार व राष्ट्रीय अवकाश के अतिरिक्त)

ठेकेदार/बिडदाता को प्रतिदिन समय प्रातः 7.00 से 10.00 बजे तक सफाई कर्मी लगाते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि सफाई का कार्य सम्पूर्ण परिसर में हो जावे। सफाई कर्मी अधिकृत पहचान पत्र के साथ होना चाहिए। सफाई सम्बधित सामग्री विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

**हस्ताक्षर बिडदाता मय नाम व सील**




**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर**

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

## अध्याय–4
## पात्रता के मानदण्ड (Eligibility Criteria)

**बिडदाता को निम्न निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढना चाहिये एवं बिड प्रपत्र के साथ पूर्ण पालना करनी चाहिये।**

1. बिड फर्म के निदेशको /प्रोपराइटरों /साझेदारों /मालिक /कम्पनी सचिव के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा भरी जाने की अवस्था में उस व्यक्ति को बिड भरने हेतु फर्म के निदेशको /प्रोपराइटरों /साझेदारों /मालिक /कम्पनी सचिव के द्वारा अधिकृत किया जाने वाले दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत करनी होगी जो फर्म के निदेशक /प्रोपराइटरों /साझेदारों /मालिक /कम्पनी सचिव के द्वारा सत्यापित होनी चाहिये।
2. बिडदाताओ को बिड प्रपत्र के साथ निर्धारित बिड मूल्य आवश्यक रूप से जमा करवाया जाना है जिसके बिना बिड निरस्त समझी जायेगी। इसके प्रमाण के रूप में निर्धारित मूल्य का डीडी/ बैंकर चैक जो कि "Project Officer, Dept. of Science & Technology, Udaipur" अथवा "**परियोजना अधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उदयपुर**" के नाम हो, तकनीकी बिड के साथ प्रपत्र में विवरण अंकित करते हुए संलग्न करना होगा। तथापि कोई बिडदाता बिड शर्तो के अनुरूप बिड मूल्य में छूट पाना चाहता है तो उसे बिड में इसका उल्लेख करते हुए समस्त आवश्यक प्रपत्र बिड के साथ संलग्न करने होंगे जिनके बिना उसे छूट का पात्र नहीं समझा जायेगा।
3. **पंजीकरण :–**ठेकेदार/बिडदाता/फर्म का श्रम विभाग राजस्थान से अनुबंधित श्रम सेवायें (श्रमिक) उपलब्ध कराने का अद्यतन पंजीकरण की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करनी होगी जिसके अभाव में बिड निरस्त समझी जायेगी।
4. ठेकेदार/बिडदाता/फर्म का वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) का वैध प्रमाण–पत्र/पंजीकरण की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करनी होगी, जिसके अभाव में बिड निरस्त समझी जायेगी।
5. ठेकेदार/बिडदाता/फर्म ई.पी.एफ. विभाग एवं ई.एस.आई. विभाग में पंजीकृत होनी चाहिए। बिडदाता को बिड के साथ आवश्यक रूप से पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करनी होगी, जिसके अभाव में बिड निरस्त समझी जायेगी।
6. **कार्यानुभव :–** बिडदाता को जॉब बेसिस कार्य/सेवायें प्रदान करने का किसी भी राजकीय विभाग/राजकीय उपक्रम में गत तीन वित्तीय वर्ष (2022–23, 2023–24, 2024–25) का अनुभव होना चाहिए। कार्यादेश की प्रति स्व सत्यापित संलग्न करनी होगी तथा सम्बन्धित विभाग/राजकीय उपक्रम से संतोषजनक कार्य का प्रमाण–पत्र आवश्यक रूप से संलग्न करना होगा, जिसके अभाव में बिड निरस्त समझी जायेगी।
7. **बिड प्रतिभूति राशि :–** ठेकेदारों/बिडदाताओं को बिड सिक्योरिटी राशि जिसका विवरण अध्याय 5 में दिया गया है, के अनुसार आवश्यक रूप से बिड जमा करवाने के समय तकनीकी बिड के साथ जमा करवानी होगी। बिड सिक्योरिटी राशि के अभाव में बिड निरस्त समझी जायेगी। तथापि कोई बिडदाता बिड शर्तो के अनुरूप बिड सिक्योरिटी राशि में छूट पाना चाहता है तो उसे बिड में इसका उल्लेख करते हुए समस्त आवश्यक प्रपत्र बिड के साथ संलग्न करने होगे जिनके बिना उसे छूट का पात्र नहीं समझा जायेगा।
8. **वित्तीय स्थिति :–** बिडदाता का गत तीन वर्षो का टर्नओवर प्रतिवर्ष न्यूनतम रू 30.00 लाख होना आवश्यक है। प्रमाण के रूप में बिडदाता फर्म की गत तीन वित्तीय वर्ष (2022–23, 2023–24, 2024–25) की सी.ए.(सनदी लेखाकार) से प्रमाणित बैलेन्सशीट की प्रति तकनीकी बिड के साथ संलग्न करनी होगी। उक्त के अभाव में संबंधित फर्म की बिड निरस्त समझी जायेगी।
9. बिड में अंकित न्यूनतम टर्नओवर राशि रू. 30.00 लाख का किसी भी अनुसूचित राष्ट्रीय बैंक द्वारा 31.03.2025 बाद जारी वैध **Bank Solvency Certificate** की सत्यापित प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करना होगा, जिसके अभाव में बिड निरस्त समझी जायेगी।
10. बिडदाता फर्म को बिड के साथ लगाये गये समस्त प्रपत्रों/दस्तावेजों के सत्य होने व केन्द्र/राज्य सरकार अथवा किसी भी सरकारी उपक्रम द्वारा ब्लेक लिस्टेड नहीं किये जाने का निर्धारित प्रारूप (Annexure F) अनुसार रू 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र संलग्न करना होगा, जिसके अभाव में बिड निरस्त समझी जायेगी।

**उक्त पात्रता पूरी करने वाले योग्य बोलीदाता ही तकनीकी बिड (प्रि–क्वालीफिकेशन) में सफल माने जावेंगे तथा उन्ही की वित्तीय बिड खोली जावेगी। तकनीकी बिड (प्रि–क्वालीफिकेशन) में योग्य नहीं पाये जाने वाले बोलीदाताओं की वित्तीय बिड नहीं खोली जावेगी।**

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

## अध्याय–5

## बिड सिक्योरिटी राशि (Bid Performance Security)

**बिडदाता द्वारा तकनीकी बिड के साथ बिड सिक्योरिटी राशि निम्न शर्तो के अंतर्गत जमा करवाई जानी अपेक्षित हैः**

1. ठेकेदारों/बिडदाता द्वारा बिड में अभिलिखित बिड सिक्योरिटी राशि बिड के साथ जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। बिना बिड सिक्योरिटी राशि के बिड पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. बिड सिक्योरिटी राशि डिमांड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक के रूप में स्वीकार की जाएगी। डिमांड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक किसी भी शिड्यूल्ड बैंक का परियोजना अधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उदयपुर के नाम उदयपुर में देय होगा।
3. असफल बिडदाताओं की बिड सिक्योरिटी राशि का प्रतिदाय बिड के अंतिम रूप से स्वीकार करने के बाद शीघ्रता से किया जायेगा।
4. सफल बिडदाता की बिड सिक्योरिटी राशि कार्य संपादन प्रतिभूति राशि (Performance Security) में समायोजित की जाएगी तथा शेष कार्य संपादन प्रतिभूति राशि करार के निष्पादन के समय ली जाएगी। यदि सफल बिडदाता द्वारा पृथक से पूर्ण प्रतिभूति राशि जमा करा दी गयी है तो जमा करायी बिड सिक्योरिटी राशि लौटा दी जावेगी।
5. बिड सिक्योरिटी राशि का समपहरण (Forfieture of BSD) :–निम्नलिखित मामलों में में बिड सिक्योरिटी राशि को समपहृत कर लिया जाएगाः–
   I. जब बिडदाता बिड को खोलने के बाद किन्तु बिड को स्वीकार किए जाने से पूर्व अपने प्रस्ताव को वापस ले लेता है या उसमें उपान्तरण करता है,
   II. यदि वह विनिर्दिष्ट समय के भीतर करार, यदि कोई हो का निष्पादन नहीं करता है,
   III. जब वह विहित समय कार्य आदेश के अनुसार मदों का प्रदाय प्रारम्भ करने में असफल रहता है,
   IV. जब बिडदाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर करार व कार्य संपादन प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है।




**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर**

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

## अध्याय–6
## बिड की विधि

6.0 यह बिड द्विस्तरीय बिड सिस्टम आधारित है जिसमें **प्रथम स्तर तकनीकी बिड** है तथा **द्वितीय स्तर वित्तीय बिड** है। बिड की विधि निम्नानुसार है –

6.1 बिड टाइप की हुई अथवा अमिट स्याही से भरी होनी चाहिये।

6.2 बिडदाता द्वारा बिड एक मुख्य लिफाफे में प्रस्तुत की जाये जिसके उपर के भाग में बिड संख्या, बिड का विषय स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिये। इसके साथ ही बिडदाता फर्म का नाम भी स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिये।

6.3 **मुख्य लिफाफे में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड दो अलग अलग लिफाफों में रखी जानी चाहिये जिनके उपर बिड संख्या व दिनांक, बिड का विषय एवं बिडदाता फर्म के नाम के साथ क्रमशः तकनीकी बिड तथा वित्तीय बिड रेखांकित करते हुए लिखा होना चाहिये। किसी भी लिफाफे के पृष्ठ भाग पर कुछ भी नहीं लिखा जाये।**

6.4 तकनीकी बिड में बिड प्रपत्र (भरा हुआ) बिड–शर्तो की स्वीकार्यता के रूप में बिड की प्रति, समस्त सामान्य एवं तकनीकी जानकारी, बिड मूल्य, बिड सिक्योरिटी राशि, प्रमाण पत्रो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां इत्यादि रखी जानी चाहिये।

6.5 **वित्तीय बिड में केवल वित्तीय बिड प्रपत्र (अध्याय 12 के अनुसार) होना चाहिये।**

6.6 तकनीकी तथा वित्तीय बिड का प्रत्येक पृष्ठ बिडदाता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित तथा फर्म की मोहर लगा होना चाहिये। ऐसा कोई भी पृष्ठ जो अहस्ताक्षरित अथवा बिना फर्म की मोहर अथवा दोनों हो, बिड अपूर्ण मानी जावेगी तथा उस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

6.7 बिड एवं संलग्न प्रपत्र हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में होने चाहिये। अन्य भाषा में प्राप्त बिड अथवा प्रपत्रों/दस्तावेजों को विचार हेतु अयोग्य माना जायेगा।

6.8 बिड दाता बिड प्राप्त करने, भरने विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने तथा स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने के दौरान होने वाले समस्त खर्च स्वयं वहन करेगा। इस हेतु विभाग द्वारा कोई भी राशि देय नहीं होगी।

6.9 बिडदाता से यह अपेक्षित है कि उसे साइट, बिड की शर्तो एवं अन्य समस्त स्थानीय कानूनों एवं परिस्थितियों का पूर्ण ज्ञान होगा। ऐसा न होने पर होने वाले नुकसान अथवा अन्य प्रभाव के लिये बिडदाता स्वयं जिम्मेदार होगा। विभाग किसी प्रकार के दखल /क्षतिपूर्ति के लिये उत्तरदायी नहीं होगा।

6.10 बिड की दरें बिड प्रस्तुत किये जाने की आखिरी दिनांक के पश्चात् तीन माह तक वैध होनी चाहिये। उक्त अवधि से अल्प वैधता वाली बिड निरस्त योग्य मानी जायेगी।

6.11 प्रकाशित बिड में इंगित तकनीकी बिड प्रस्तुत किये जाने के अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त बिड विलम्बित बिड मानी जायेंगी तथा उनको खोले बिना सम्बधिंत फर्मो को लौटा दिया जायेगा।

6.12 विभाग द्वारा तकनीकी बिड को निर्धारित समिति द्वारा बिडदाता फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष प्रकाशित बिड में इंगित तकनीकी बिड खोले जाने के दिनांक, समय व स्थान पर खोला जायेगा। तकनीकी बिड का मूल्यांकन विभाग द्वारा निर्धारित उपापन समिति द्वारा किया जायेगा जिसमें ऐसी बिड जो सम्पूर्ण हो तथा अध्याय – 4 में वर्णित तकनीकी अर्हताएं पूरी करती हो को तकनीकी रूप से स्वीकृत बिड घोषित किया जायेगा। जो बिड अपूर्ण हों अथवा निर्धारत तकनीकी अर्हताएं पूरी नहीं करती हो उन्हे अस्वीकृत घोषित कर निरस्त कर दिया जायेगा।

6.13 तकनीकी रूप से सफल बिडों की वित्तीय बिड निर्धारित उपापन समिति व तत्सम्बधिंत बिडदाता फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

6.14 वित्तीय बिड प्रपत्र अध्याय 12 में अंकित निर्धारित न्यूनतम मजदूरी प्रतिमाह (मय ई.पी.एफ व ई.एस.आई) से कम बिडदाता द्वारा प्रस्तुत दरें स्वीकार्य नहीं होगी। वित्तीय बिड की कुल योग राशि, न्यूनतम वित्तीय बिड के चयन का आधार होगी। न्यूनतम समान दरों वाली एक से अधिक वित्तीय बिड प्राप्त होने की स्थिति मे उपापन समिति द्वारा निर्णय लिया जाकर कार्यादेश जारी किया जायेगा। जोकि बिडदाता फर्म को मान्य होगा।

**हस्ताक्षर बोलीदाता**

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

## अध्याय–7
## अपात्रता

**7. बोली निम्न कारणों से अपात्र घोषित की जा सकती है :**

7.1 बोली सूचना में प्रकाशित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त हुई बोली।

7.2 बिना बोली मूल्य एवं बयान राशि के जमा बोलियां। यदि उक्त हेतु छूट चाही गयी है तो इसके लिए पात्रता साबित करने के लिए आवश्यक प्रपत्र/दस्तावेजों की स्वसत्यापित प्रतियों के बिना प्राप्त बोलियां।

7.3 (अध्याय–8) अनुसार तकनीकी बिड लिफाफे में सेवा प्रदाता द्वारा अनिवार्य रूप से प्रस्तुत प्रपत्रों की पृष्ठ संख्या अंकित होनी चाहिए। उक्त के अभाव में सम्बन्धित फर्म की बिड निरस्त कर दी जायेगी तथा वित्तीय बिड नहीं खोली जायेगी।

7.4 बिडदाता को जॉब बेसिस कार्य/सेवायें प्रदान करने का किसी भी राजकीय विभाग/ राजकीय उपक्रम में गत तीन वित्तीय वर्ष (2022–23, 2023–24, 2024–25) का अनुभव होना चाहिए। कार्यादेश की प्रति स्व सत्यापित संलग्न करनी होगी तथा सम्बन्धित विभाग/राजकीय उपक्रम से संतोषजनक कार्य का प्रमाण–पत्र आवश्यक रूप से लगाना होगा। उक्त के अभाव में सम्बन्धित फर्म की बिड निरस्त कर दी जायेगी तथा वित्तीय बिड नहीं खोली जायेगी।

7.5 भ्रामक अथवा गलत तथ्य/दावें प्रस्तुत करने वाली बोलियां।

7.6 खराब कार्य यथा किसी अनुबन्ध को बीच में छोड़ना, खराब कार्य हेतु रिकार्ड उपलब्ध होना इत्यादि, अकारण देरी, कार्य/आदेशों की अपालना/देरी (एकाधिक बार) वित्तीय असफलता।

7.7 विभाग द्वारा चाहे गये स्पष्टीकरण को न प्रदान कर पाना/तय समय से देरी से प्रदान करना।

7.8 अपूर्ण व सशर्त बोली प्रस्तुत करना।

7.9 तकनीकी अर्हताओं का पूर्ण न कर पाना।

7.10 बोलीदाता अथवा उसके किसी प्रतिनिधि का अवांछित रूप से प्रभाव डालना/डलवाना, विवाद इत्यादि करना, रिश्वत इत्यादि का प्रस्ताव करना अथवा गैर कानूनी रूप से तुष्टीकरण करना।

7.11 अल्प वैद्यता वाली बोली प्रस्तुत करना।

7.12 वित्तीय बिड प्रपत्र (अध्याय–12) अनुसार कार्य की दरें शब्दों एवं अंकों तथा पूर्णांक में भरी गयी ही स्वीकार्य होगी। सर्विस चार्ज शून्य में भरा गया मान्य नहीं होगा। सर्विस चार्ज का अंकन प्रतिशत, अंकों व शब्दों तीनों में भरा गया ही स्वीकार्य होगा। Cutting and Overwriting स्वीकार्य नहीं होगी। कोई भी कॉलम रिक्त नहीं होना चाहिए।

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर**

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

# अध्याय 8
# बिड का मूल्याकंन

**8. बिड का मूल्याकंन निम्नानुसार होगा :**

8.1 बिड–सूचना में प्रकाशित अंतिम तिथि, समय व स्थान पर प्राप्त होने वाली समस्त बिड निर्धारित समिति द्वारा एवं फर्मो के उपस्थित प्रतिनिधियों (यदि कोई हो) के समक्ष खोली जायेंगी। कारणवश उक्त तिथि/समय में परिवर्तन होने पर नवीन तिथि की सूचना प्रदान कर दी जायेगी।

8.2 तकनीकी बिड खुलने के बाद इनका तकनीकी रूप से मूल्यांकन किया जायेगा। आवश्यक समझने पर बिडदाताओं से उनके द्वारा प्रस्तुत तकनीकी बिड में प्रस्तुत किये गये किसी भी प्रपत्र/दस्तावेज पर स्पष्टीकरण भी मांगा जा सकता है जिसे बिडदाताओं को अविलंब विभागीय उपापन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। बिडदाताओं द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार उपापन समिति का होगा।

8.3 तकनीकी बिड लिफाफे में निम्न प्रपत्र मय पृष्ठ संख्या अंकित करते हुए निम्न तालिका अनुसार संलग्न होने चाहिए। उक्त के अभाव में सम्बन्धित फर्म की बिड निरस्त कर दी जायेगी तथा वित्तीय बिड नहीं खोली जायेगी।

| क्र.सं. | विवरण (अनिवार्यतः संलग्न करें) | | | पृष्ठ संख्या (अनिवार्यतः अंकित करें) |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | **बिड प्रपत्र शुल्क रू 200/–<br>डी.डी/बैंकर्स चैक** | | | – |
| **2.** | **बिड प्रतिभूति राशि रू 16,400/–<br>डी.डी/बैंकर्स चैक** | | | – |
| **3.** | **PAN No. की** सत्यापित प्रति। | | | |
| **4.** | **श्रम विभाग राजस्थान के पंजीकरण प्रपत्र की** सत्यापित प्रति। | | | |
| **5.** | **GST पंजीकरण प्रपत्र की** सत्यापित प्रति। | | | |
| **6.** | **PF पंजीकरण प्रपत्र की** सत्यापित प्रति। | | | |
| **7.** | **ESI पंजीकरण प्रपत्र की** सत्यापित प्रति। | | | |
| **8.** | **अंकित तीन वर्षों की सी.ए. द्वारा प्रमाणित बैलेन्स शीट की** सत्यापित प्रति।<br>**(टर्नओवर अंकित करें।)** | वित्तीय वर्ष | टर्न ओवर (रू.) | |
| | | 2022–23 | | |
| | | 2023–24 | | |
| | | 2024–25 | | |
| **9.** | बिड में अंकित न्यूनतम टर्नओवर राशि रू. 30.00 लाख का किसी भी अनुसूचित राष्ट्रीय बैंक द्वारा 31.03.2025 बाद जारी वैध **Bank Solvency Certificate** की सत्यापित प्रति। | | | |
| **10.** | **Annexure A to D** | | | |
| **11.** | **Annexure E** मय राजकीय विभाग/राजकीय उपक्रम में गत तीन वर्षों के कार्य अनुभव मय संतोषजनक कार्य के प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति। | | | |
| **12.** | **Annexure F** शपथ पत्र (रू. 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर) | | | |

**8.4** न्यूनतम समान दरों वाली एक से अधिक वित्तीय बिड प्राप्त होने की स्थिति में उपापन समिति द्वारा निर्णय लिया जाकर कार्यादेश जारी किया जायेगा। जोकि बिडदाता फर्म को मान्य होगा।

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
**क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूटनगर, भुवाणा, उदयपुर**

NIB. No. F3(11)/DST/UDR/2025/19 Date 15-05-2025

## अध्याय–9

## कार्य संपादन प्रतिभूति राशि एवं निर्णित हर्जाना

(Performance Security Deposit and Liquidated Damages)

**9 कार्य संपादन प्रतिभूति राशि एवं निर्णित हर्जाना निम्नानुसार होंगे :–**

9.1 कार्य संपादन प्रतिभूति राशि सफल बिडदाता द्वारा कार्यादेश की राशि का 5 प्रतिशत के बराबर सूचना की दिनांक से 7 दिवस में जमा करानी होगी।

9.2 कार्य संपादन प्रतिभूति राशि किसी शिड्यूल्ड बैंक का बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक के रूप में दी जायेगी।

9.3 प्रतिभूति राशि का समपहरण (Forfieture of Performance Security) :– निम्नलिखित मामलों में प्रतिभूति राशि को समपहृत कर लिया जाएगाः–

9-3.1 जब संविदा में किन्हीं निबंधनों और शर्तों का उल्लंघन किया गया हो।

9-3.2 जब बिडदाता सम्पूर्ण प्रदाय सन्तोषजनक ढंग से करने में असफल रहता हो।

9-3.3 जमा कराई गई कार्य संपादन प्रतिभूति राशि को समपहृत करने से पूर्व युक्तियुक्त समय देते हुए बिडदाता को नोटिस दिया जाएगा।

9-3.4 बिड सिक्योरिटी/कार्य संपादन प्रतिभूति की समपहृत की गयी राशि विभाग के शीर्ष अन्य प्राप्तियों में जमा करायी जाएगी तथा अन्तरण प्रविष्टि की व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

9.4 **कार्य संपादन प्रतिभूति का प्रतिदायः–** अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने के पश्चात् एवं पूर्ण भूगतान होने के पश्चात् कार्य संपादन प्रतिभूति राशि बिडदाता को लौटा दी जायेगी।

9.5 नियमित रूप से असंतोषजनक कार्य पाये जाने पर व दो नोटिस बाद भी स्थिति में परिवर्तन न होने पर संबंधित फर्म के कार्यादेश को निरस्त की कार्यवाही अमल में लाकर प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी।

9.6 संविदा की अवधि में बिडदाता किसी भी कारण विज्ञान केन्द्र के कार्यो को कराने में असमर्थ रहता है तो उस अवधि का भुगतान प्रति अनुपस्थिति अथवा असंतोषजनक कार्य प्रतिदिन की दर से मासिक अनुबन्ध राशि के विरूद्व कुल देय राशि से काटा जायेगा। अनुपस्थिति अथवा असंतोषजनक कार्य दैनिक राशि की गणना जिस वर्ग का वह कर्मचारी है, (सुरक्षा के अतिरिक्त) उस वर्ग की नियत मासिक मजदूरी की दर में 26 का भाग देकर की जायेगी। सुरक्षा कार्य अनवरत करना होगा।

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उदयपुर (राज.)

**राजस्थान सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
